16/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से छोटे शहरों में उद्‌यमियों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने और उन्हें सुविधा देने के लिए पहल करने का आग्रह किया है। आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री मोदी ने राज्यों से अनुपालन को सरल बनाने के लिए कहा, जिसके अभाव में अक्सर नागरिकों का उत्पीड़न होता है। तीन दिवसीय सम्मेलन 13 से 15 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि भारत के सेवा क्षेत्र, खासकर छोटे शहरों की क्षमता का दोहन करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कल राज्य भर के 18 जिलों में सत्तासी स्थानों पर अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 की प्रारंभिक परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की। आयोग की सचिव पारुल गौर मित्तल ने बताया है कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार कुल बाईस हजार सात सौ इकतीस आवेदकों में से लगभग सत्रह हजार दो सौ छियासी उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्‌वारा इस बार तीन प्रतियों वाली ओएमआर शीट लाई गई, जिसमें एक प्रति उम्मीदवार के लिए हैं। सचिव ने कहा कि ओएमआर शीट शुरू करने के अलावा सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली भी लगाई गई थी। अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा चार साल के अंतराल के बाद आयोजित की गई थी।

0000000000000000000000

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। 1971 में इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने तीरानबे हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को दिन के 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ सत्रहवीं कडी होगी।

000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम के मेयर तामे फासांग ने कल ईटानगर के चिम्पू ग्राउंड में 5वीं आबो-तानी राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप-2024 का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए मेयर फासांग ने खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए युवाओं से मादक और नशीली पदार्थों से दूर रहने का आग्रह किया। खेल के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डालते हुए श्री फासांग ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश सरकार के सक्रिय प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के छह कराटेका ने गत 13 से 14 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित KIO अखिल भारतीय सब-जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2024 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस टीम ने कुल छह पदक जीते जिन्में तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में अरुणाचल प्रदेश एमेच्योर कराटे-डो एसोसिएशन के कराटेका को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इन छह कराटेका में निदो जिरनिया, वैष्णवी चौहान, जॉन मारा, जेनिथ मिजे, एशाना ङाडोंङ और तानिसी आप्पा शामिल हैं।

0000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिले में पुलिस ने दापोरिजो टाउनशिप के तहत कथित तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ब्राउन शुगर और नकदी जब्त की है। 50 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह व्यक्ति कथित तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी कर इन्हें दापोरिजो में किशोरों को बेचने के मामलों में शामिल है।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले में आज बांदरदेवा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नौबंगा नाला में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित अपने मिथुन की तलाश में जंगल गया था, इसी दौरान हाथी ने उस पर अचानक हमला कर दिया। बाईस वर्षीय युवक को पुलिस और स्थानीय लोगों बचाया और उसे इलाज के लिए TRIHMS नाहरलागुन में ले जाया गया।

0000000000000000000000

जेके टायर ऑरेंज 4x4 फ्यूरी रैली का समापन समारोह गत रविवार को दाम्बुक के बिजारी गांव में उत्साहपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। समापन समारोह में देश भर से उत्साही दर्शक शामिल हुए, जो अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत परिदृश्यों के बीच प्रतियोगिता देखने के लिए उत्सुक थे। इस कार्यक्रम में महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी जश्न मनाया गया और श्रीमती नांग सुहाना को प्रतियोगिता में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला श्रेणी पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

0000000000000000000000

लोक शिकायतों के निवारण और अपनी सेवा में सुधार के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर इस महीने 19 से 24 दिसंबर तक भारत के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में 700 से अधिक जिला कलेक्टर भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है, जब भारत सरकार लोक शिकायतों के समाधान और सेवा में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी। प्रशासन गांव की ओर अभियान का उद्देश्य सुशासन के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाना है, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। इसी के तहत आगामी 23 दिसंबर को प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नवाचारों पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000000